Title: Demand to rectify the answer relating to Zero Hour on a television quiz programme "Kaun Banega Karorepati" telecasted on Star T.V.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोदय, कौन बनेगा करोड़पति, आप, आप, आप या मैं। मैं नहीं बनूंगा करोड़पति। महोदय, स्टार टी.वी. पर कौन बनेगा करोड़पति प्रोग्राम अमिताभ बच्चन द्वारा चलाया जाता है। इस प्रोग्राम से बच्चों, महिलाओं और हम सबकी जनरल नॉलेज बढ़ती जा रही है। इससे हमें अच्छी जानकारी मिलती है। एक दिन इस प्रोग्राम में एक सवाल था - पार्लियामेंट में जो जीरो ऑवर चलता है यह जीरो ऑवर एक घंटे का होता है या 15 मिनट, 30 मिनट या 45 मिनट का होता है। उसके रिप्लाई में जीरो ऑवर एक घंटे का बताया गया था, जबकि जीरो ऑवर की कोई लिमिट नहीं होती है। लेकिन वहां का जो रिप्लाई है, यह रिप्लाई गलत नहीं होना चाहिए। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि स्टार टी.वी. का जो कौन बनेगा करोड़पति प्रोग्राम है, उसमें इस प्रश्न का जो रिप्लाई दिया गया था, वह रिप्लाई सही होना चाहिए। जीरो ऑवर एक घंटे का नहीं होता है, दस मिनट का भी हो सकता है। जीरो ऑवर दो घंटे का भी हो सकता है। इसलिए यह रिप्लाई ठीक नहीं है। इसलिए सरकार से हमारा निवेदन है कि स्टार टी.वी. को आप फौरन इंस्ट्रक्शंस दें।